# डॉ० भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय, आगरा

(पूर्ववर्तीः आगरा विश्वविद्यालय, आगरा)

पत्रांक : आर0/07/2026 दिनांक : 06/01/2026

सेवा में,

प्राचार्य/प्राचार्या,
समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय,
डॉ० भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय,
आगरा।

विषयः– वन फैमिली वन आई०डी० (एक परिवार–एक पहचान) योजना के अन्तर्गत छात्रों के आधार प्रमाणीकरण से सम्बन्धित विवरणों (मोबाइल नम्बर, जन्मतिथि आदि) के शुद्धीकरण के सम्बन्ध में।

महोदय/महोदया,

अवगत कराना है कि शासन द्वारा संचालित वन फैमिली वन आई०डी० (एक परिवार–एक पहचान) योजना के अन्तर्गत छात्रों के आधार प्रमाणीकरण की प्रगति की समीक्षा मुख्य सचिव, उत्तर प्रदेश शासन की अध्यक्षता में दिनांक 02.01.2026 को सम्पन्न हुई है। उक्त समीक्षा के क्रम में यह तथ्य संज्ञान में आया है कि विश्वविद्यालय से सम्बद्ध महाविद्यालयों के कतिपय छात्रों के विवरणों में त्रुटियों के कारण वन फैमिली वन आई०डी० का निर्माण अपेक्षित स्तर तक पूर्ण नहीं हो पा रहा है।

विशेष रूप से निम्न त्रुटियाँ पाई गई हैं–

1. छात्रों के मोबाइल नम्बर उनके आधार से पंजीकृत न होना।
2. हाईस्कूल प्रमाण पत्र एवं आधार कार्ड में अंकित जन्मतिथि में भिन्नता।
3. हाईस्कूल प्रमाण पत्र एवं आधार कार्ड में माता–पिता के नामों में भिन्नता।
4. कतिपय छात्रों द्वारा पंजीकरण/परीक्षा फार्म साइबर कैफे के माध्यम से भरवाये जाने के कारण साइबर कैफे का मोबाइल नम्बर अंकित होना।

अतः आपको निर्देशित किया जाता है कि अपने महाविद्यालय में अध्ययनरत समस्त छात्रों को तत्काल सूचित करते हुए यह सुनिश्चित करायें कि उनका आधार कार्ड अद्यतन हो, आधार में अंकित मोबाइल नम्बर, जन्मतिथि एवं माता–पिता के नाम शैक्षणिक अभिलेखों (हाईस्कूल प्रमाण पत्र आदि) से पूर्णतः मिलान में हों, त्रुटि पाये जाने की स्थिति में छात्र द्वारा सम्बन्धित सक्षम प्राधिकारी के माध्यम से आवश्यक संशोधन अविलम्ब करा लिया जाये।

साथ ही यह भी सुनिश्चित किया जाये कि भविष्य में छात्रों का पंजीकरण/परीक्षा फार्म भरते समय छात्र का स्वयं का मोबाइल नम्बर ही अंकित किया जाये, ताकि आधार प्रमाणीकरण में किसी प्रकार की बाधा उत्पन्न न हो।

उक्त निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन कराते हुए अपेक्षित कार्यवाही की सूचना विश्वविद्यालय को समय से उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें, जिससे शासन की उक्त महत्वाकांक्षी योजना का प्रभावी क्रियान्वयन किया जा सके।

भवदीय

कुलसचिव

प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1. प्रभारी–कुलपति सचिवालय मा0 कुलपति जी के सूचनार्थ।
2. प्रो0 मनुप्रताप सिंह, प्रवेश समन्वयक, समर्थ/प्रवेश।
3. गार्ड फाइल।

कुलसचिव